धर्म | मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा और वरिष्ठ शामिल

# मां कर्मा संपूर्ण मानवता के लिए भक्ति, प्रेम और सेवा की प्रेरणा





**नवभारत, जबलपुर।** माँ कर्मा केवल साहू समाज की ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए भक्ति, प्रेम और सेवा की प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि माँ कर्मा की खिचड़ी प्रसंग की कथा हमें सिखाती है कि भगवान सच्चे प्रेम और निस्वार्थ भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। उक्त बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने माँ कर्मा देवी की 1010वीं जयंती के अवसर पर निकली शोभायात्रा में पूजन- अर्चन कर रवाना करते हुए कही। भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की 1010वीं जयंती के अवसर पर भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर नजर आया। साहू समाज जबलपुर के तत्वावधान में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा और वरिष्ठजन शामिल हुए। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती इस शोभायात्रा में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। यात्रा में साहू समाज के सदस्य सिर पर साफा बांधकर बड़ी संख्या में शामिल हुए।

शोभायात्रा का शु१भारंभ शहर के हृदय स्थल मालवीय चौक स्थित भव्य मंच से हुआ। यहां प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक लखन घनघोरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व महापौर प्रभात साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, दिनेश यादव और कार्यक्रम संयोजक रविकिरण साहू की उपस्थिति में माँ कर्मा का पूजन एवं आरती कर यात्रा को रवाना किया गया।

### विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत

भव्य शोभायात्रा मालवीय चौक से प्रारंभ होकर सुपर मार्केट, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, सराफा कोतवाली, मिलोनीगंज चौक और हनुमानताल से होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर महिला साहू समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा दीपक साहू, कैलाश साहू, प्रदीप साहू, एड. अर्जुन साहू, श्रीकांत साहू, रामेश्वर साहू, सुरेन्द्र साहू, वीरेंद्र साहू, विमलेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, राजू साहू कोठी, पार्षद रजनी कैलाश साहू, रजनी सुरेन्द्र साहू, राहुल साहू, शेखर साहू, शुभम साहू, संजय साहू, मुकेश साहू, राजेंद्र साहू, हरीश साहू, रविशंकर साहू, प्रहलाद साहू, सतीश साहू, राजेश साहू, अजय साहू, नरेन्द्र साहू, रीना साहू, सुधारानी साहू, वर्षा साहू, मोना साहू सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और युवा मौजूद रहे।

### मां कर्मा भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त



कार्यक्रम संयोजक रविकिरण साहू ने बताया कि माँ कर्मा भगवान कृष्ण (जगन्नाथ जी) की अनन्य भक्त थीं और अपने हाथों से खिचड़ी बनाकर उन्हें भोग लगाती थीं। उनकी भक्ति इतनी गहरी थी कि स्वयं भगवान जगन्नाथ उनके हाथों का भोजन ग्रहण करने आते थे। 'माँ कर्मा का भात, जगत पसारे हाथ' कहावत उनकी महान भक्ति का प्रतीक है।

### नागपुर से आए 65 युवक-युवतियों का ढोल-ताशा रहा आकर्षण



शोभायात्रा का आकर्षण महाराष्ट्र के नागपुर से आए 65 युवक-युवतियों का ढोल-ताशा दल रहा, जिसकी ताल पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इसके साथ ही माँ कर्मा के जीवन प्रसंग, भगवान जगन्नाथ स्वामी, भगवान शंकर, शेर नृत्य, माशाने की होली और दुल-दुल घोड़ी की सजीव झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।



# जुमातुल विदा पर शहर की मस्जिदों में गूंज उठी दुआएं

### हजारों नमाज़ियों ने अदा की नमाज़

**नवभारत, जबलपुर।** पवित्र माह रमज़ान में मुसलमान रोज़ा रखकर इबादत करते हैं और अल्लाह की रहमतें पाने की कोशिश करते हैं। इस दौरान कुरआन की तिलावत और दुआओं का विशेष महत्व होता है। इसी क्रम में रमज़ान के जुमातुल विदा के अवसर पर शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमातुल विदा की नमाज़ अदा की। मुस्लिम बहुल इलाकों की मस्जिदों में नमाज़ के दौरान नमाज़ियों की भारी भीड़ देखने को मिली। कई मस्जिदों में जगह कम पड़ने के कारण नमाज़ियों की लंबी कतारें मस्जिद परिसरों से निकलकर बाहर तक दिखाई दीं। नमाज़ से पहले इमाम साहबों ने जुमातुल विदा का खुत्बा पढ़ते हुए रमज़ान की फ़ज़ीलत, इबादत की अहमियत का पैगाम दिया। नमाज़ के बाद देश और शहर में अमन-ओ-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआएं की गईं। नमाज़ की सफों में आगे की कतारों में बुजुर्गों ने तथा पीछे की कतारों में नौजवानों और बच्चों ने नमाज़ अदा की।

### विश्व शांति, अमन-ओ-अमान के लिए विशेष दुआएं

शहर की प्रमुख मस्जिदों सहित सदर, रामपुर, गोरखपुर और गढ़ा क्षेत्र की मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने नमाज़ अदा की। वहीं शिया जामा मस्जिद जाकिर अली में शिया समुदाय के लोगों ने जुमातुल विदा की नमाज़ अदा की उलेमा ने विश्व शांति, अमन-ओ-अमान और इंसानियत की भलाई के लिए विशेष दुआएं कराईं। इसके अलावा मदन महल पहाड़ी स्थित जिन्नाती मस्जिद और गोसुलवरा नूरानी मस्जिद में भी बड़ी तादाद में नमाज़ी शामिल हुए और अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगी गईं।

### पीएसएम मस्जिद दरीखाना में अफ्तार- ए-आम



**नवभारत, जबलपुर।** पी.एस.एम. मस्जिद दरीखाना में अफ्तार- ए-आम हर साल की तरह इस साल भी पवित्र माह रमजान शरीफ शुरू होते ही पी.एम.एम. मस्जिद में कमेटी की जानिब एवं मुस्लिम भाईयों के सहयोग से मस्जिद दरीखाना में पहले रोजे से ही अफ्तार ए आम का इहतमाम किया जाता है। कमेटी अध्यक्ष जनाब नजर अली द्वारा बताया गया कि यह अफ्तार की परंपरा आने वाले रमजान शरीफ में भी जारी रहेगी। सभी हिन्दू मुस्लिम भाईयों द्वारा साथ में बैठकर अफ्तार- ए-आम किया जाता है एवं बाद नमाज मगरिब के हिन्दुस्तान की मुल्क एवं अमन शांति की दुआ मांगी कमेटी अध्यक्ष एवं मुस्लिम भाईयों द्वारा अफ्तार में आने वाले सभी भाईयों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर नजर अली, शेख मंजूर एडवोकेट सादिक खान, फिदा हुसैन, मो. जावेद, अश्फाक अंकल, कलीम भाई, रजा साहब, मुअज्जम कादिर भाई उपस्थित थे।

## एक नजर में



### 100 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने वाले बैंकर्स का किया सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के छोटे वेंडरों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित पी.एम. स्वनिधि योजना की प्रगति को लेकर शुक्रवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में योजना की सफलता को लेकर न केवल रणनीति साझा की गई, बल्कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकर्स को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। इस मौके पर निगमायुक्त ने बैंक ऑफ बड़ौदा एवं बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक अशोक कुमार और रमेश कुमार को मीटिंग के दौरान पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वहीं अन्य बैंको के प्रतिनिधियों से निगमायुक्त ने 100 प्रतिशत टारगेट पूरा करने के लिए अनुरोध किया। योजना को गति देने के लिए निगमायुक्त ने सभी सामुदायिक संगठकों को कड़े और स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराएं। अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के नए आवेदन तैयार कर बैंकों में प्रस्तुत करें। मैदानी स्तर पर जाकर वेंडरों की समस्याओं को सुनें और उनका समाधान सुनिश्चित करें।




### भंवरताल परिवार ने मनाया रंग पंचमी महोत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** प्रकृति के अनूठे रंगों के साथ, समाजिक समरसता का पर्व होली के समापन दिवस 'रंग पंचमी' पर भंवरताल परिवार द्वारा प्रात: हर्षोउल्लास के साथ शहर के गण मान्य नागरिकों की उपस्थिति में रंगारंग मिलन समारोह सात्विक ठंडाई एवं स्वाल्पाहार वितरित कर धूमधाम से मनाया गया।अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस भी होने पर कदम संस्था एवं भंवरताल परिवार की महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में शामिल होकर पर्व को गौरव प्रदान किया अबीर एवं पुष्पों से होली खेली गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शरद चंद्र पालन ने की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनय सक्सेना रहे। समारोह के सफल आयोजन के लिए डॉ. सुनील बहल, सलिल जैन, राजीव तिवारी, राजू अग्रवाल, सुनील चौबे, बंटी ठाकुर, राजू चावला, मनोज अवस्थी (योग), दीपू (भवानी), रवि वासवानी, जगदीप सिंह, महेश परसवानी, जितेन्द्र ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन कल

**नवभारत, जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर 15 मार्च को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित क्रियाकलापों व अन्य जानकारियों से संबंधित प्रदर्शनी प्रदर्शन लगाई जायेगी। उन्?होंने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर आयोजित जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं से शामिल होने का आग्रह किया है।

# निगमायुक्त ने सफाई मित्रों को दिया स्वच्छता का मंत्र



### शहर को नंबर-1 बनाने का किया आह्वान

**नवभारत, जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने और 'स्वच्छ सर्वेक्षण' में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार लगातार सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने शहर के विभिन्न क्षेत्रों क्रमश: गौरीघाट, रामपुर, गोरखपुर, तीनपत्ती, नौदराब्रिज, घंटाघर, घमापुर, रद्दी चौकी, आधारताल, एवं सुहागी संभाग के वार्डो का सघन निरीक्षण किया और स्वच्छता अभियान को गति प्रदान की। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने विशेष रूप से नवनियुक्त स्वच्छता मित्रों से संवाद किया। उन्होंने उन्हें 'ईमानदारी और सेवाभाव' का मंत्र देते हुए प्रेरित किया कि उनकी मेहनत ही शहर की सूरत बदल सकती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं, बल्कि शहर के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण सिटी प्रोफाइल पर विशेष जोर

शासन द्वारा निर्धारित 'स्वच्छ सर्वेक्षण' के मानकों को पूरा करने के लिए निगमायुक्त ने सिटी प्रोफाइल के अंतर्गत की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता के सभी मापदंडों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शहर के सौंदर्यीकरण और कचरा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए काम करें। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग, अतिक्रमण, लोककर्म, उद्यान और संभागीय अमले के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ 15 से

- 5000 से अधिक लोग होंगे उपस्थित

**नवभारत, जबलपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के दिशा निर्देशन में पूरे देश में समाज को नशामुक्त मांसाहार मुक्त और चरित्रवान बनाने के लक्ष्य को लेकर अखंड दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न कराये जाते है गुरुदेव द्वारा संगठन की स्थापना 15 अप्रैल 97 में की गई तब से आज तक 20 लाख से अधिक लोगों को नशामुक्त मांसाहार मुक्त चरित्रवान बनाया गया है। उसी कड़ी में 15-16 मार्च को कटंगी नगर में नगर परिषद परिसर में 24 घंटे का जिला स्तरीय श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ संगठन द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसकी समापन की बेला में संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न पूजा दीदी और संगठन के केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी का शुभ आगमन हो रहा है। पूरे कटंगी क्षेत्र में घर - घर जाकर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा पाठ का प्रचार किया जा रहा है इस क्रम में 5000 से अधिक लोग उपस्थित होंगे।



### योग स्टूडियो की महिलाओं ने मनाया 'होली उत्सव'

**नवभारत, जबलपुर।** महिला दिवस और होली के अवसर पर अभिस्तदा योग स्टूडियो में 'वोली उत्सव' (वुमेन और होली उत्सव) मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तेजल गुप्ता, दविंदर छाबरा और प्रतिभा भैय्या रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और नृत्य, खेल तथा मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। स्टूडियो की संचालक निधि सूरी तनेजा ने महिलाओं को उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया। इस दौरान डिंपल को 'वूमेन ऑफ द ईयर' के सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में रानी छाबरा, बबली सलूजा, प्रीति बंगा, अनु भाटिया, शिल्पा सोनी, चरणप्रीत, मेहक, रश्मि, रीना, नैशा अदनानी, सिमरन जिवानी, मधु चिमनानी, दिव्या बजाज, रंजना, ज्योति सिंह, रमणप्रीत, नवलीन, रवनीत, शिवानी, स्वीटी, पिंकी सलूजा, सोनिया और रश्मि राजपूत सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# 300 एनपीए खातों का हुआ एकमुश्त समाधान

- इंडियन बैंक में विशाल ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन




**नवभारत, जबलपुर।** इंडियन बैंक के अंचल कार्यालय जबलपुर के तत्वावधान में शाखा शहपुरा भिटौनी द्वारा विशाल ऋण वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बैंक के प्रधान कार्यालय चेन्नई से मुख्य महाप्रबंधक (वसूली) जी. राजेश्वर रेड्डी तथा क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के क्षेत्र महाप्रबंधक रवि कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान एकमुश्त समझौता योजना के अंतर्गत करीब 150 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान कर लाभान्वित किया गया। दो दिवसीय ऋण मुक्ति अभियान में कुल लगभग 300 एनपीए खातों का एकमुश्त समाधान किया गया। कार्यक्रम में बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह, नगर पंचायत शहपुरा भिटौनी के अध्यक्ष विकांत सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सौम्या जैन, उपजिलाधिकारी मदन सिंह रघुवंशी, तहसीलदार सुमित गुप्ता, सुभाष सिंह ठाकुर, सतीश जैन व डॉ. नीलेश जैन, शाखा प्रबंधक अश्विन धर्माधिकारी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। अंचल कार्यालय से अंचल प्रमुख सहायक महाप्रबंधक विकास कुमार जायसवाल, उप अंचल प्रमुख सतीश चन्द्र दीक्षित, मुख्य प्रबंधक (वसूली) अशोक कुमार चौधरी सहित पूरी टीम व शाखा प्रबंधक मौजूद रहे। 13 मार्च को मुख्य महाप्रबंधक जी. राजेश्वर रेड्डी और क्षेत्र महाप्रबंधक रवि कुमार ने डिजिटल माध्यम से छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, पांढुर्ना, दमोह, बालाघाट, सिवनी, मंडला, होशंगाबाद व डिंडोरी जिलों के ऋण वसूली शिविरों में भाग लेते हुए बड़े एनपीए उधारकर्ताओं से चर्चा की और 100 से अधिक खातों में एकमुश्त समझौता योजना के स्वीकृति पत्र जारी किए।

फेस्टिवल | कृषि मेला व श्रीअन्न फूड फेस्टिवल का भव्य समापन

# उन्नत किसान हुए सम्मानित, मिलेट्स व प्राकृतिक खेती को मिला बढ़वा






**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस लाइन स्थित हॉकी ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला एवं श्रीअन्न फूड फेस्टिवल का शुक्रवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह के साथ समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह रहे। उन्होंने जिले के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि क्षेत्र में कई नवाचार किए जा रहे हैं, ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक, प्राकृतिक खेती और मिलेट्स को अपनाकर आय बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया तथा जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति के सदस्य राजेश पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेले के दौरान आयोजित जैविक उत्पाद एवं मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये आजीविका मिशन को, द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपये पातालकोट की रसोई को, तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये मिलेट्स फूड को तथा चतुर्थ पुरस्कार 1100 रुपये मिलेट मैनिया को दिया गया। इसके साथ ही मेले में शामिल सभी स्टॉल संचालकों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मेले में जिले के सफल किसानों की प्रेरणादायक कहानियों का भी प्रदर्शन किया गया।

### इनका रहा सहयोग

समापन समारोह में छिंदवाड़ा जिले के उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उप संचालक कृषि डॉ. एस. के. निगम ने सभी किसानों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ. इंदिरा त्रिपाठी, प्रतिभा गौर, कीर्ति वर्मा, मनीषा पटेल, अराधना सिंह एवं रश्मि मोदी के सक्रिय सहयोग की सराहना की।

### किसानों की समस्याओं का हुआ समाधान

समापन समारोह से पहले आयोजित तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्नत खेती की जानकारी दी। इस सत्र में डॉ. एस. बी. अग्रवाल ने दलहनी फसलों की उन्नत तकनीक, डॉ. एम. एल. केवट ने तिलहनी फसलों के उत्पादन, सुरेश पहाड़े ने लघुधान्य (मिलेट्स) की मार्केटिंग रणनीति, डॉ. ए. के. सिंह ने इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने तथा ताराचंद बेलजी ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।